भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1885**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**अर्द्ध सैनिक बलों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान किया जाना**

**1885. श्री पि. भट्टाचार्यः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हमारे अर्द्ध सैनिक बल देश की वर्तमान सुरक्षा स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः सुसज्जित है

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार देश में किसी भी आतंकवादी और अन्य सुरक्षा परिस्थितियों से निपटने के लिए देश के अर्द्ध सैनिक बलों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) और (ख): जी, हां। सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देश के वर्तमान सुरक्षा हालात से निपटने के लिए (सीएपीएफ) हथियार/गोला-बारुद/नाइट विजन डिवाइस, डीप सर्च मेटल डिटेक्टर, बूलेट प्रूफ जैकेट, बूलेट प्रूफ हेलमेट, हेंड हेल्ड सर्च लाइट और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम आदि जैसे विशेष उपकरणों से सुसज्जित हैं।**

**(ग) और (घ): जी, हां। सरकार ने देश में आतंकवादी और सुरक्षा संबंधी किसी हालात से निपटने के लिए आधुनिक प्रकार के अधिक तथा नए उपकरणों के प्रापण हेतु केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए वर्ष 2012 से 2017 की अवधि के दौरान 11009.19 करोड़ रू. के कुल परिव्यय से आधुनिकीकरण योजना-।। को अनुमोदन प्रदान किया है।**

---------